Need to extend various railway services in Prayagraj, Uttar Pradesh - laid

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री का बहुत बहुत ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूँ और धन्यवाद देती हूँ जिनके अथक प्रयासों से भारतीय रेलवे नित नए आयाम हासिल कर रही है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र कुम्भ नगरी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश का सबसे ज्यादा आबादी वाला जिला है और यह कुम्भ नगरी भी है। यहाँ पर 2025 में महाकुम्भ भी प्रस्तावित है। इस लिहाज़ से भी यहाँ कुछ मार्गों जहाँ पर लोगों का अधिक से अधिक आवागमन होता है वहाँ पर जनहित में कुछ कार्य करने की अति आवश्यकता है, जिसका विवरण इस प्रकार है:- 1. कानपुर नई दिल्ली शताब्दी ट्रेन को प्रयागराज जंक्शन तक बढ़ाया जाए। 2. वन्दे भारत ट्रेन जो वर्तमान में गोरखपुर से लखनऊ तक आती है उसको प्रयागराज से अतिशीघ्र चलाया जाए जो पहले से प्रस्तावित है। इसी वन्दे भारत ट्रेन जो दिल्ली से बनारस सुबह प्रस्थान करती है, इसी समय पर यदि एक ट्रेन प्रयागराज या बनारस से सुबह दिल्ली चलाई जाए ताकि आवागमन के लिये जन सामान्य को बहुत सुविधा मिल सके। इसका भी प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है। इसको भी अतिशीघ्र शुरू किया जाए 3. मुंबई दोरंतो एवं प्रयागराज अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस को प्रतिदिन किया जाए। 4. सुबेदारगंज स्टेशन का नाम बदलकर प्रयागराज कैंट रखा जाए एवं प्रयागराज रूट पर चलने वाली सभी. राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव व सीटों का कोटा बढ़ाया जाए। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि उक्त कार्यों को जनहित में जल्द से जल्द शुरू करवाने का कष्ट करें।